भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2791

जिसका उत्तर 03 अगस्त, 2022 को दिया जाना है

नॉन-कोकिंग कोयले का आयात

2791. श्री प्रदान बरुवा:

श्री पल्लब लोचन दास:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वर्तमान वित्त वर्ष के दैरान भारत के नॉन-कोकिंग कोयले के आयात में कमी आई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या पिछले वित्तीय वर्ष में घरेलू कोयला उत्पादन में वृद्धि हुई है;

(ग) क्या नॉर्थ ईस्टर्न कोलफील्ड्स ने टिकक खानों के संचालन हेतु मंजूरी का अनुरोध किया हैं; और

(घ) यदि हां, तो क्या टिकक कोलियरी को पुन: आरम्भ करने से बिजली उत्पादन और क्षेत्र के विकास में मदद मिलेगी?

उत्तर

संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क): पिछले वर्ष 2020-21 में किए गए 164.05 मि.ट. आयात की तुलना में 2021-22 के दौरान 7.5% की गिरावट दर्ज करते हुए गैर-कोकिंग कोयले का कुल आयात 151.77 मि.ट. था। यहां तक कि चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में अर्थात अप्रैल और मई में, गैर-कोकिंग कोयले का आयात पिछले वर्ष के इसी दो महीनों के दौरान आयात किए गए 32.91 मि.ट. से घटकर 30.05 मि.ट. के स्तर पर पहुंच गया है।

(ख): देश में कोयले का उत्पादन 2020-21 में 716.08 मि.ट. से बढ़कर 2021- 22 में 778.19 मि.ट. हो गया, जो कि 8.5% की वृद्धि है।

(ग): नार्थ ईस्टर्न कोलफील्ड्स (एनईसी) की टिकक कोलियरी में दो इकाइयां हैं - टिकक एक्सटेंशन ओसीपी और टिकक वेस्ट एक्सपेंशन ओसीपी।

1. **टिकक एक्सटेंशन ओसीपी:** एनईसी, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), मार्गेरिटा से प्राप्त आवेदन के आधार पर असम सरकार ने टिकक कोलियरी की टिकक एक्सटेंशन ओसीपी को खोलने के लिए भुगतान के आधार पर 87.55 हेक्टेयर राजस्व भूमि आवंटित की। टिकक कोलियरी के टिकक एक्सटेंशन ओसीपी में खनन कार्य बाद में दिनांक 10.02.2022 से फिर से शुरू हो गया है।

2. **टिकक वेस्ट एक्सपेंशन ओसीपी:** एनईसी ने टिकक कोलियरी की टिकक ओपनकास्ट परियोजना को फिर से शुरू करने के लिए 88.63 हेक्टेयर सरकारी राजस्व भूमि के आवंटन के लिए असम सरकार को आवेदन किया है। असम सरकार ने एनईसी, सीआईएल के पक्ष में 88.63 हेक्टेयर भूमि आवंटित की और एनईसी, सीआईएल को 88.63 हेक्टेयर भूमि के हस्तांतरण के लिए 27,31,69,875/- रुपये का मांग पत्र प्रस्तुत किया, जो एनईसी/सीआईएल में प्रक्रियाधीन है। इस इकाई के लिए, संशोधित परियोजना रिपोर्ट के अनुमोदन के बाद पर्यावरण मंजूरी, वन मंजूरी और अन्य सभी आवश्यक मंजूरियों के लिए आवेदन किया जाएगा।

(घ): एनईसी में 03.06.2020 से खनन कार्यों के स्थगन के कारण, एनटीपीसी, बोंगाईगांव और एनटीपीसी फरक्का के साथ ईंधन आपूर्ति समझौतों को सीआईएल की अन्य सहायक कंपनियों को डायवर्ट कर दिया गया है। अब चूंकि दिनांक 10.02.2022 से टिकक कोलियरी के टिकक एक्सटेंशन ओसीपी में खनन कार्य फिर से शुरू हो गया है, एनईसी, कोयला उत्पादन में पुन: अपेक्षित क्षमता तक पहुंचने के अध्यधीन इन ईंधन आपूर्ति समझौतों का फिर से नवीकरण कर सकता है।

*****